अनदेखी | जिम्मेदारों की लापरवाही से आमजन परेशान

हर मोड़ पर जाम, हर खंभे पर तारों का जाल

नवभारत , जबलपुर । शहर के प्रमुख व्यावसायिक मार्गों में शामिल ओमती थाना से करमचंद चौक तक का रास्ता इन दिनों अव्यवस्था की मिसाल बन चुका है। यह मार्ग दिनभर वाहनों की भीड़, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण, ई-रिक्शा की मनमानी और बिजली व इंटरनेट के बेतरतीब तारों के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

नवभारत की जाज पड़ताल में सामने आया कि सड़क पर दोनों ओर वाहन खड़े होने से यातायात के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। दुकानों के सामने ग्राहकों के वाहन, बीच सड़क पर खड़े ऑटो और ई-रिक्शा तथा लगातार बढ़ती चारपहिया गाड़ियों की संख्या के कारण कुछ ही मिनटों में लंबा जाम लग जाता है।

ई-रिक्शाओं की मनमानी

मार्ग पर बड़ी संख्या में ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। कई चालक बीच सड़क पर सवारी बैठाते और उतारते नजर आते हैं। निर्धारित स्टॉपेज नहीं होने के कारण ट्रैफिक का प्रवाह बार-बार बाधित होता है। इससे पूरे क्षेत्र में अव्यवस्था का माहौल बना रहता है।

बिजली और इंटरनेट के तार बने खतरा

सड़क के ऊपर कई कंपनियों के तार एक-दूसरे में उलझे हुए हैं। कई स्थानों पर तारों के बड़े-बड़े गुच्छे खंभों से लटकते दिखाई देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से पुराने तार नहीं हटाए गए हैं, बल्कि नए तार जोड़कर काम चलाया जा रहा है।

फुटपाथ पर कब्जा, पैदल यात्री सड़क पर

मार्ग के कई हिस्सों में फुटपाथ पर दुकान का सामान और अस्थायी अतिक्रमण होने से पैदल चलने वालों को सड़क का सहारा लेना पड़ता है। बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। शाम के समय बाजार में भीड़ बढ़ने के साथ यह समस्या और गंभीर हो जाती है।

माल यातायात से 558 करोड़ का राजस्व प्राप्त

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों के माल यातायात में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में बेहतर परिचालन एवं ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने माह मई 2026 में माल यातायात से 558 करोड़ 21 लाख का ऑरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया है। यह उपलब्धि गत वर्ष के इसी माह में अर्जित 533 करोड़ 30 लाख की तुलना में 4.67 प्रतिशत अधिक है। मंडलवार प्रदर्शन* की बात करें तो माह मई 2026 में जबलपुर मंडल ने 406 करोड़ 64 लाख, भोपाल मंडल ने 77 करोड़ 79 लाख तथा कोटा मंडल ने 73 करोड़ 78 लाख का ऑरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया। तीनों मंडलों के समन्वित प्रयासों एवं माल परिवहन सुविधाओं में निरंतर सुधार के कारण यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई है। वही चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम दो माह के दौरान पश्चिम मध्य रेल ने माल यातायात से कुल 1039 करोड़ 02 लाख का ऑरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया है।

पीएनबी में 43 लाख का सोना घोटाला उजागर

वैल्युअर्स ने नकली गोल्ड को असली बताया, 14 पर एफआईआर

जबलपुर। कैंट थाना अंतर्गत सदर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में नकली सोने के बदले 43 लाख से अधिक का फर्जी लोन बांटा गया। इस पूरे खेल के मास्टरमाइंड बैंक के ही अधिकृत गोल्ड वैल्युअर्स निकले, जिन्होंने ग्राहकों के साथ मिलकर नकली सोने को असली बता दिया। बैंक के मुख्य प्रबंधक की शिकायत पर दो आधिकारिक गोल्ड वैल्युअर्स और 12 कर्जदारों समेत कुल 14 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है । साथ ही कुछ को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है जबकि कुछ अब भी फरार है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पंजाब नेशनल बैंक कैंट शाखा सदर के मुख्य प्रबंधक राजकुमार कोरी ने शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि बैंक के पैनल में शामिल गोल्ड वैल्युअर्स ने 12 आवेदकों के साथ मिलकर एक सोची-समझी साजिश रची। आरोपियों ने जानबूझकर नकली स्वर्ण आभूषणों को असली प्रमाणित किया और बैंक रिकॉर्ड में सही दर्ज कराया। इस फर्जी रिपोर्ट के आधार पर बैंक से 38,81,100 रुपये का मूलधन लोन के रूप में निकाल लिया गया। ब्याज समेत यह पूरी राशि 43,17,512 रुपये बनती है, जिसका सीधा नुकसान बैंक को हुआ है।

मुख्य आरोपी राजीव के इशारे पर हुआ खेल

जांच के दौरान पुलिस ने शिकायतकर्ता मुख्य शाखा प्रबंधक राजकुमार कोरी, गोल्ड वैल्युअर सुनील प्रताप सोनी और कर्जदार नितिन काछी, शहनाज बेगम, सोनू साहू, राहुल सिंह ठाकुर, देवेन्द्र कुर्मी, रिजवान मंसूरी और सोमनाथ कर्ण के बयान दर्ज किए। जिन्होंने स्वीकार किया कि वे मुख्य साजिशकर्ता राजीव सोनी की बातों में आ गए थे। सभी ने आपसी सहमति से जानबूझकर नकली सोने के जेवर बैंक में गिरवी रखे और लोन पास कराया।

इन्हें बनाया गया आरोपी

घोटाला के मुख्य सूत्रधार बैंक के गोल्ड वैल्युअर राजीव सोनी पिता सत्यनारायण सोनी, फर्म अभिनव ज्वेलर्स, निवासी: नया रामनगर, अधारताल, आशुतोष सराफ पिता केशवचंद सराफ, निवासी मौलाना की गली, मन्नूलाल अस्पताल के पीछे, उपरैनगंज समेत मिलीभगत करने वाले ग्राहक रजनीश दाहिया, नितिन काछी, शहनाज बेगम, सोनू साहू, राहुल सिंह ठाकुर, देवेन्द्र कुर्मी, प्रीती बाई फड़ेरे, पूजा सोनी, सुंदरलाल साहू, सोमनाथ कर्ण, सत्यम पटेल और रिजवान मंसूरी पर पुलिस ने

दिल्ली रूट पर चलने वाले टीटीई की भी हो रही छानबीन

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेलवे के विजिलेंस विभाग ने गोंडवाना एक्सप्रेस में कार्रवाई करते हुए तीन टीटीई को करीब 46 हजार रुपए से अधिक की राशि के साथ पकड़े जाने के बाद जहां तीनों टीटीई को सोमवार को ही निलंबित कर दिया गया था वहीं रेल प्रशासन अब उन टीटीई की जानकारी जुटा रहा है, जो लंबे समय से हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) जाने वाली ट्रेनों में ड्यूटी कर रहे थे माना जा रहा है कि शीघ्र ही मंडल रेल प्रशासन टीटीई की ड्यूटी में व्यापक बदलाव कर सकता है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को दिल्ली से जबलपुर पहुंची गोंडवाना एक्सप्रेस में विजिलेंस टीम ने जांच की। ट्रेन के जबलपुर पहुंचने से पहले यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से शिकायत की थी कि टीटीई यात्रियों से जुर्माना और पैसे तो वसूल रहे हैं, लेकिन उन्हें रसीद नहीं दे रहे। जिसके बाद विजिलेंस टीम जबलपुर स्टेशन पर तैनात हो गई और ट्रेन पहुंचते ही तीनों टीटीई की जांच की गई। जांच में टीम को उनके पास घोषित राशि से अधिक नकदी मिली।

हो सकता है बदलाव

सूत्रों की माने तो इस घटना को प्रशासन ने काफी गंभीरता से लिया है टिकट चैकिंग स्टाफ डायरेक्ट यात्रियों के बीच रहता है और वह रेलवे का मुखौटा माना जाता है, ऐसे में टीटीई की छवि का असर रेलवे पर पड़ता है इसीलिए शीघ्र ही टीटीई की ड्यूटी डिटेल में व्यापक बदलाव हो तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए वहीं लंबे समय से विभिन्न स्क्वाड में जमे चैकिंग स्टाफ को लाइन ड्यूटी और लाइन ड्यूटी वालों को स्क्वॉड में तैनात किया जा सकता है।

मोबाइल ऐप डाउनलोड करवाकर उड़ाई रकम

जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत नीमखेड़ा में एक अधेड को एक शातिर जालसाज ने कस्टमर केयर अधिकारी बनकर झांसे में लिया और उसके मोबाइल में ऐप डाउनलोड करवाकर बैंक खाते से 98 हजार रुपये पार कर दिए।

पुलिस के अनुसार, ग्राम नीमखेड़ा निवासी शिशुपाल सिंह राजपूत (50) का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। पीड़ित शिशुपाल ने किसी काम के सिलसिले में ऐरास कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया था।

इसके कुछ देर बाद ही उनके पास एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए उन्हें एक कस्टमर ऐप खोलने के लिए कहा। जालसाज ने शुरुआत में पीड़ित से फोन पे के जरिए 10 का बुकिंग अमाउंट डालने को कहा। इस पर शिशुपाल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कस्टमर केयर वाले इस तरह पैसे नहीं मांगते। पकड़े जाने के डर से जालसाज ने तुरंत पैंतरा बदला और कहा कि आप यह रकम नगद दे देना और फोन काट दिया। इसके बाद आरोपी ने दोबारा व्हाट्सएप कॉल किया और पीड़ित को बातों में उलझाकर मोबाइल में ऐप ओपन करवा लिया। पीड़ित ऐप खोलकर फोन पर बात कर ही रहा था कि जालसाज ने उनके खाते में सेंध लगा दी और पलक झपकते ही 98,000 उड़ा दिए।

पति ने सरेराह दिया पत्नी को तीन तालक

4 लाख दहेज के लिए देता था प्रताड़ना, लिखित तलाकनामा भी भेजा

जबलपुर। ओमती थाना अंतर्गत पागलखाना मस्जिद के पास एक पति द्वारा पत्नी को बीच सड़क पर तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद लिखित तलाकनामा भी भेजा। पति दहेज में 4 लाख न मिलने पर पीड़िता को धमकी देता था । पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पागलखाना मस्जिद के पास रहने वाली 30 वर्षीय फरजाना बेगम का निकाह 14 फरवरी 2023 को क्षेत्र के ही मोहम्मद अतहर मंसूरी के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। शादी के महज एक सप्ताह बाद ही शौहर अतहर ने अपनी असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। उसने फरजाना पर मायके से 4 लाख नकद लाने का दबाव बनाया। जब फरजाना ने असमर्थता जताई, तो शौहर ने उसे बेरहमी से शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और बाद में घर आना भी बंद कर दिया।

थाने गई तो जान से मार दूंगा

पीड़िता की प्रताड़ना यहीं खत्म नहीं हुई। आरोपी मोहम्मद अतहर मंसूरी फरजाना के घर के बाहर पहुंचा। उसने बीच सड़क पर पीड़िता को धमकाना शुरू कर दिया। आरोपी ने चिल्लाते हुए कहा, तू थाने में शिकायत करने जाती है, अब अगर शिकायत करने गई तो जान से खत्म कर दूंगा। इसके तुरंत बाद आरोपी ने तीन बार तलाक, तलाक, तलाक कहा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला।

मां को थमाया लिखित तलाकनामा

सरेराह तीन तलाक देने के बाद आरोपी ने अपनी इस गैरकानूनी हरकत को आगे बढ़ाया। आरोपी अतहर ने फरजाना की मां बानो बी के पास पहुंचकर उन्हें एक लिखित तलाकनामा सौंप दिया। पति की तंग आकर पीड़िता फरजाना बेगम ने मंगलवार को ओमती थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

50 हजार नए पदों की स्वीकृति के पहले आश्रितों को मिले अनुकंपा नियुक्ति

मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने सीएम से की मांग

नवभारत,जबलपुर। मप्र शासन ने सभी बिजली कंपनियों में 50 हजार नए पदों की स्वीकृति दी है। जिस पर मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी. पी. पाठक ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री का स्वागत, अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय निश्चित रूप से बिजली कंपनियों के लिए नए जीवन दान जैसा है।

इस दौरान उन्होंने मांग की कि इस भर्ती के पहले वर्ष 2000 से 2012 के बीच विद्युत मंडल व बिजली कंपनियों के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को बिना शर्त नियमित पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। इसके साथ ही 15 वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को अनुभव के आधार पर बिना परीक्षा नियमित व संविलयन करने तथा आउटसोर्स कर्मियों को नई भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर नियमित करने की मांग का पत्र मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, ऊर्जा सचिव और सीएमडी एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी को भेजा गया।

वेतन विसंगति और स्थानांतरण की मांग

फेडरेशन ने वर्ष 2009 से 2018 के पूर्व नियुक्त सहायकों की वेतन विसंगति दूर कर ग्रेड पे 2500 करने, वन टाइम गृह जिला स्थानांतरण नीति लागू करने, 1991 के कर्मियों हेतु उच्चतम न्यायालय का फैसला लागू करने तथा कनिष्ठ अभियंता भर्ती में उच्च शिक्षित लाइन कर्मियों को पद आरक्षित करने की मांग की। इसके अलावा 30 हजार आउटसोर्स कर्मियों हेतु अलग निगम बनाने, बिजली बिलों में 50 प्रतिशत छूट देने, समान कार्य पर पूरा वेतन देने तथा धारा 49/6 से सेवानिवृत्त कर्मियों को मुक्त कर महंगाई भत्ते व एरियर्स में भेदभाव समाप्त करने की बात कही।

10 और अधिकारियों-कर्मचारियों पर गिरी गाज

आवेदकों को समय पर सेवाएं नहीं देने पर अर्थदंड अधिरोपित

जबलपुर । लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आवेदकों को समय सीमा के भीतर सेवाएं नहीं देने वालेजिले के 10 और अधिकारियों-कर्मचारियों पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने 250 रूपये से लेकर 2 हजार रूपये तक का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। दंडित अधिकारियों-कर्मचारियों में तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और पंचायत सचिव शामिल है। इन पर अधिरोपित अर्थदंड की कुल राशि 8 हजार 750 रूपये है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने निर्धारित समयावधि में राशि जमा न करने की स्थिति में दंडित राशि वेतन से आहरित करने की चेतावनी इन्हें दी गई है।

लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा के भीतर आवेदकों को सेवाएं प्रदाय नहीं किये जाने पर जिन अधिकारियो-कर्मचारियों पर दंड अधिरोपित किया गया है उनमें तहसीलदार कुंडम वीर बहादुर सिंह धुर्वे पर 250 रूपये, नगर पालिका परिषद पनागर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष शर्मा पर 1 हजार 250 रूपये, जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत बिलपठार के सचिव थम्मन सिंह पटेल पर 1 हजार 500 रूपये, ग्राम पंचायत चिरापौढी के सचिव मल्लू प्रसाद झारिया पर 500 रूपये, ग्राम पंचायत कुशली के सचिव राकेश यादव पर 2 हजार रूपये, ग्राम पंचायत पटी चरगवां के सचिव स्वरूप सिंह पर 500 रूपये एवं ग्राम पंचायत सूखा के सचिव कवि सिंह पर 750 रूपये, पनागर जनपद की ग्राम पंचायत वीरनेर के सचिव संत सिंह लोधी पर 1 हजार रूपये एवं ग्राम पंचायत निभौरा के सचिव मुकेश तिवारी पर 750 रूपये तथा जनपद पंचायत कुंडम की ग्राम पंचायत डबराकला की सचिव क्रीर्ति दुबे पर 250 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

छात्र का लूटा मोबाइल

जबलपुर । कैंट में स्कूटी सवार लुटेरों ने छात्र पर झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए । पुलिस के मुताबिक तनिष कुमार 21 वर्ष निवासी सदर पासी मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चौपाटी से यादगार चौक अपने मोबाईल आई फोन में यू-ट्यूब में गाने सुनते जा रहा था तभी पीछे से एक सफेद स्कूटी में सवार दो लड़के आये और स्कूटी में सवार पीछे बैठा लड़का उसका मोबाईल झपट लिया जिसें रोको रोको कहकर दौड़ा तो वह दोनो नही रूके और तेज रफ्तार से स्कूट से भाग गए।

जल संकट पर विधायक रोहाणी ने कैंट सीईओ से की चर्चा

नवभारत, जबलपुर। कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने 9 जून को छावनी परिषद जबलपुर के मुख्य अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार से मिलकर क्षेत्र की जल वितरण व स्वच्छता समस्याओं पर चर्चा की। विधायक ने भीषण गर्मी में जलापूर्ति की दिक्कतें शीघ्र दूर करने को कहा, ताकि जनता को समय पर पानी मिल सके। कैंट सीईओ ने आश्वासन दिया कि आकस्मिक आवश्यकता वाले स्थानों पर टैंकरों से पानी भेजा जाएगा। विधायक ने वार्ड क्रमांक. 08 में नगर निगम की टंकी से छावनी क्षेत्र में जल वितरण कराने का भरोसा भी दिया।

भूजल स्तर और स्वच्छता पर मंथन

इंजीनियर आयुष सिंह परिहार ने लगातार गिर रहे भूमिगत जल स्तर की जानकारी दी। स्वच्छता पर चर्चा के दौरान बताया गया कि मानसून में नाले उफनने से रोकने के लिए छावनी कार्यालय द्वारा नालों की सफाई और बाजार से सुबह-शाम कचरा संग्रहण किया जा रहा है।

मदन महल स्टेशन से वारंटी गिरफ्तार

जबलपुर, नवभारत। जीआरपी जबलपुर को मंगलवार एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बताया गया कि कई वर्षों से फरार चल रहे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी रंजीत उर्फ पप्पू पानी पिता सुल्तान उर्फ जंडेल कौरव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम गोंगावली थाना करेली, नरसिंहपुर को मदन महल रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही मदन महल स्टेशन परिसर में शान्ति भंग कर रहे युवक आकाश भाट पिता भगवानदास भाट 31 वर्ष निवासी ग्राम कोडिया थाना करेली, नरसिंहपुर के विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई की गई है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत, चौकी प्रभारी जग्गनाथ प्रशाद धुर्वे, अमित उइके, संदीप त्रिपाठी, अनुराग तिवारी, विनोद तिवारी परशुराम यादव, कंपनी कुमार, मनीष शर्मा की अहम भूमिका रही।

एक्सीडेंट में वृद्ध की मौत

जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत धनपुरी कलारी के पास हुए एक्सीडेंट में वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक देवेन्द्र लोधी 31 वर्ष निवासी बडी ओमती छोटी खेरमाई मंदिर भरतीपुर ओमती का कोरियर कंपनी में काम करता है। रात 8 बजे ससुर का एक्सीडेंट धनपुरी कलारी के पास हो गया । जिन्हें एम्बुलेंस 108 से विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने परीक्षण उपरांत सुरेश पटेल 80 वर्ष को मृत घोषित कर दिया।

बारिश के दौरान पूरा अमला फील्ड में रहा तैनात

नवभारत,जबलपुर। भारी बारिश के दौरान नगर निगम प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में निगम का पूरा अमला और फील्ड स्टाफ धरातल पर तैनात रहा, जिसके सकारात्मक परिणाम शहर में देखने को मिले। तेज बारिश के बावजूद शहर के मुख्य मार्गों और रिहायशी इलाकों में कहीं भी गंभीर जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हुई और नालियों के माध्यम से वर्षाजल की निकासी सुगमतापूर्वक सुनिश्चित की गई। यह परिणाम नगर निगम द्वारा समय पर कराई गयी नाला-नालियों की सफाई का है।

महापौर ने बताया कि बारिश की चेतावनी को देखते हुए निगम ने पहले से ही अपनी तैयारियां पूरी कर ली थीं। उन्होंने कहा हमारा पूरा अमला मुस्तैद था। फील्ड में तैनात टीमों ने लगातार मॉनिटरिंग की, जिससे तेज बारिश के बाद भी पानी कहीं नहीं रुका और निकासी सुचारू रूप से होती रही। इस मौके पर महापौर ने ये भी कहा कि मदन महल अंडर ब्रिज मूलत: नाला है, 350 दिन हम आप सड़क के रूप में करते हैं ,इसे सड़क के रूप में न देखा जाए।

युवती की अपहरण के बाद हत्या की आशंका

जबलपुर। मदन महल थाना क्षेत्र में रहकर दवा बाजार में काम करने वाली युवती पिछले 5 महीनों से रहस्यमय ढंग से लापता है। इस मामले में पीड़िता के भाई ने अपनी बहन के अपहरण और हत्या की आशंका जताते हुए सीधे पुलिस अधीक्षक समक्ष न्याय की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता राजा राजपाल निवासी ग्राम दिनारी खमरिया, तहसील मझौली, सिहोरा ने बताया कि उनकी बहन गीता राजपाल शास्त्री ब्रिज स्थित फ्रंटियर फार्मा दवा बाजार में नौकरी करती थी। वह मदन महल के पटेल मोहल्ला काली मठ बालक शाला के पास स्थित दीपेश नेमा के मकान में किराए से रहती थी। 18 जनवरी 2026 की शाम तक गीता की अपने परिवार से फोन पर सामान्य बातचीत हुई, लेकिन उसके बाद से ही उसका मोबाइल अचानक बंद हो गया जो आज तक चालू नहीं हुआ। घटना के अगले दिन यानी सोमवार शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच, निगरी निवासी राज राजपाल ने गीता के परिजनों को फोन कर बताया कि वह रविवार दोपहर से हॉस्टल से गायब है। परिजनों ने हॉस्टल संचालक दीपेश नेमा और रिश्तेदारों में गीता की काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। थक-हारकर परिजनों ने 20 जनवरी को मदन महल थाने में शिकायत दर्ज कराई।

शव मिला, शिनाख्त नहीं

27 जनवरी को परिजनों को परिजनों को राज राजपाल द्वारा सूचना दी गई कि शहपुरा थाना क्षेत्र में एक शव मिला है जो गीता का है। परिजन पहुंचे लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई।

शव का डीएनए कराने आवेदन दिया गया 19 फरवरी काके माता को डीएनए टेस्ट के लिए शहपुरा थाने बुलाया गया। लेकिन आगे की कार्रवाई अब तक नहीं हो पाई। परिजनों ने राज राजपाल एवं सोनू चौरसिया पर अपहरण, हत्या और साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाया है। साथ ही कार्रवई और डीएनए टेस्ट मैच होने पर शव देने की मांग की है।

फेसबुक पोस्ट से गहराया शक

इस मामले में नया मोड़ तब आया जब सोशल मीडिया पर एक फर्जी आईडी से खेल खेला गया। पीड़ित भाई ने बताया कि सोशल मीडिया फेसबुक पर अंजली पाल नाम की एक प्रोफाइल से गीता राजपाल के हॉस्टल का सीसीटीवी फुटेज और तस्वीरें अपलोड की गईं। पोस्ट में लिखा गया कि जो भी गीता का पता बताएगा, उसे 50 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने ऐसी कोई पोस्ट या इनाम की घोषणा नहीं की थी। इस पोस्ट में संदिग्ध राज राजपाल और सोनू चौरसिया के मोबाइल नंबर तो बिल्कुल सही लिखे थे, लेकिन गीता के असली परिजनों के नंबर का एक अंक जानबूझकर गलत डाला गया था।

पापा नींद आ रही है...बोल कर कमरे में गया बेटा फांसी पर झूला

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत शंकरनगर करमेता में रहने वाले एक युवक ने पिता को बोला,नींद आ रही है और कमरे में चला गया जब पिता सुबह सोकर उठे तो बेटा फांसी पर झूलता मिला । मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को टीकाराम अहिरवार उम्र 50 वर्ष निवासी शंकरनगर करमेता ने सूचना दी कि बीती रात लगभग 12 बजे उसका बेटा अजय अहिरवार 25 वर्ष बोला कि पापा नींद आ रही है सोना है कहकर रूम में चला गया था सुबह लगभग 6 बजे उठकर देखा तो उसका बेटा अजय अहिरवार कमरे में लगे सीलिंग फेन से साड़ी बांधकर फांसी लगाकर मृत अवस्था में लटका था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

निर्माण | निर्माण कार्य के कारण फिलहाल चोक पड़ी हैं नालियां

अगस्त तक बनकर तैयार होगा नया विक्टोरिया

जबलपुर, नवभारत। शहर के ऐतिहासिक विक्टोरिया अस्पताल में जल्द ही एक नई और अत्याधुनिक चार मंजिला इमारत बनने जा रही है। इस परियोजना के तहत अस्पताल की बिस्तरों की क्षमता को बढ़ाकर 500 बेड तक किया जाएगा लगभग 440 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रही नई इमारत में मरीजों के लिए हर जरूरी जांच और सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी। मंगलवार को नवभारत से खास बातचीत करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने बताया कि इस नई इमारत को 440 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है इसके निर्माण में लगभग दो महीने का समय और लगेगा। यह नई बिल्डिंग जबलपुर शहर और आसपास के मरीजों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी। बता दे कि फिलहाल विक्टोरिया अस्पताल में 275 बेड हैं और इसका संचालन ब्रिटिश काल में बनी इमारत में किया जा रहा है। शासकीय अस्पताल होने के कारण, हर दिन यहां हजारों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। बढ़ती संख्या के कारण मरीजों को बेड और अन्य सुविधाओं के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

चोक पड़ी है नाली

शहर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में शामिल विक्टोरिया अस्पताल हाल फिलहाल एक बार फिर अपनी व्यवस्थाओं को लेकर सवालों के घेरे में है। अस्पताल में साफ-सफाई की खराब स्थिति देखने को मिली जहां, बच्चा वार्ड के बाहर जलभराव, मलबे के ढेर और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप ने मरीजों और उनके परिजनों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। बता दे कि इस नई इमारत में मरीजों को सभी आवश्यक जांचें और इलाज की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी लेकिन अभी मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि वार्डों, गलियारों और अस्पताल परिसर के कई हिस्सों में गंदगी बनी रहती है।

ऐसी रहेगी नई बिल्डिंग

बता दे कि नई चार मंजिला इमारत को पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा इसमें ग्राउंड फ्लोर में - सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एमआरआई, ओपीडी डॉक्टर और नर्सिंग ड्यूटी रूम रहेगा पहला फ्लोर में- आईसीयू, एनआईसीयू, तीन ऑपरेशन थिएटर, डायलिसिस रूम रहेगा ।सेकंड फ्लोर में-ऑपरेशन थिएटर जैसी अन्य सुविधाएं मौजूद रहेगी।

इनका कहना है

विक्टोरिया अस्पताल परिसर में नई इमारत का काम जोर-शोर से चल रहा है। जिसे अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। वही 2027 जनवरी तक इसे शुरू भी कर दिया जाएगा।

नवीन कोठारी
सीएमएचओ